RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 176 • 08:07:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## भारत ने दूसरे टी20 में जिम्बाब्वे को 100 रन से हराया

### एक-एक से बराबर हुई 5 मैचों की यह टी20 सीरीज

**हरारे।** भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 में 100 रन से हरा दिया। भारत ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में रविवार को टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। अभिषेक शर्मा के शतक और ऋतुराज गायकवाड के 77 रन के सहारे भारत ने 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह जिम्बाब्वे



के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले, 2018 में ऑस्ट्रेलिया ने 229 रन का स्कोर बनाया था। जवाबी पारी में जिम्बाब्वे 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। यह भारत की जिम्बाब्वे के खिलाफ रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम इंडिया ने 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में मेलबर्न के मैदान पर जिम्बाब्वे 71 रन से हराया था। भारतीय गेंदबाजों में आवेश खान और मुकेश कुमार 3-3 विकेट लिए।

**अगर हिंदू हिंसक होता...**

## नूपुर ने राहुल पर साधा निशाना, याद दिलाई 'अपनी' बात

- कांग्रेस नेता के बयान को बताया किसी बड़ी साजिश का हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा है। नूपुर शर्मा




का दावा है कि हिंदुओं को लेकर दिया गया राहुल गांधी का बयान किसी साजिश का हिस्सा हो सकता है। नूपुर ने दो साल पहले खुद को मिली धमकियों को याद करते हुए कहा कि अगर हिंदू हिंसक होता तो हिंदुओं की बेटी को अपने ही देश में सुरक्षा में नहीं रहना पड़ता। बता दें कि राहुल गांधी ने सदन में भाषण देते वक्त भाजपा पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था खुद को हिंदू कहने वाले लोग लगातार हिंसा में लगे रहते हैं।

**आम बजट**

## बिहार की लगेगी लॉटरी, आंध्र ने भी रखी डिमांड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को देश का बजट पेश करेंगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करने में असफल रही। एनडीए सरकार की निर्भरता चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और नीतिश कुमार की पार्टी जेडीयू पर अधिक है। यही कारण है कि इस साल के बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों पर केंद्र सरकार मेहरबानी दिखा सकती है। मीडिया



रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ही राज्यों ने 2024 के केंद्रीय बजट से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मांगी है। रॉयटर्स और एक सूत्र द्वारा समीक्षा किए गए दस्तावेजों के अनुसार, भाजपा के दो प्रमुख सहयोगियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए फंड के अलावा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए उधार लेने की सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। 16 सांसदों वाली टीडीपी और 12 सांसदों वाली जेडीयू ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में भाजपा को केंद्र में सरकार बनाने में मदद की थी।



## जबरदस्त जयघोष के साथ पुरी में शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा

- 1971 के बाद पहली बार दो दिवसीय यात्रा, राष्ट्रपति मुर्मू ने खींचा सुभद्रा का रथ

**पुरी (एजेंसी)।** पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू हो गई है। सबसे पहले बलभद्र का रथ खींचा गया है। रथ रुक-रुक कर आगे बढ़ रहा है। कुछ देर बाद सुभद्रा और जगन्नाथ जी का रथ खींचा गया। सूर्यास्त तक ही रथयात्रा चली और कल सुबह आठ बजे से रथयात्रा फिर शुरू होगी। जगन्नाथ मंदिर के पंचांगकर्ता डॉ. ज्योति प्रसाद के मुताबिक, भगवान को आम दिनों से 2 घंटे पहले जगाया गया। मंगला आरती सुबह 4 की बजाय रात 2 बजे हुई। मंगला आरती के बाद करीब ढाई बजे दशावतार पूजन हुआ। 3 बजे नैत्रोत्सव और 4 बजे पुरी के राजा की तरफ से पूजा की गई। सुबह 5.10 बजे के बाद सूर्य पूजा और करीब 5.30 बजे द्वारपाल पूजा हुई। सुबह 7 बजे भगवान को खिचड़ी भोग-प्रसाद लगाया गया। रथयात्रा में बहुत ज्यादा



भीड़ की वजह से भगवान के नवयौवन दर्शन नहीं हो पाए। रथयात्रा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी शामिल हुईं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने रथयात्रा की देश वासियों को शुभ कामनाएं दीं। बलभद्र के बाद देवी सुभद्रा का रथ आगे बढ़ने लगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी भक्तों के साथ देवी का रथ खींचा। इसके बाद वे यहां से लौट गईं और कल सुबह फिर रथयात्रा में शामिल होंगी। वहीं आपको बता दें कि भगवान जगन्नाथ आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से दशमी तिथि तक जन सामान्य के बीच रहते हैं। साथ ही इस अवधि में भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजकर गुंडीचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। यह भव्य आयोजन 10 दिनों तक चलता है।

साथ ही 53 साल बाद यह यात्रा दो-दिवसीय होगी। ग्रह-नक्षत्रों की गणना के अनुसार इस साल दो दिवसीय यात्रा आयोजित की जा रही है।

# चीन के छक्के छुड़ाने आ गया भारत का जोरावर

- यूक्रेन युद्ध की सीख से तैयार हुआ महारथी, फीचर्स भी हैरान करने वाले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सेना को एक और बड़ी ताकत मिलने जा रही है। लद्दाख में चीन के सामने तैनात भारतीय बलों को जल्द ही देश में बना टैंक 'जोरावर' मिलने जा रहा है। इस टैंक को भारत की प्रमुख डिफेंस रिसर्च एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और निजी क्षेत्र की फर्म लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) ने बनाया है। स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर अपने ट्रायल के एडवांस स्टेज में हैं। इस बेहद एडवांस फीचर वाले टैंक को दो साल में तैयार किया है। सबसे खास बात ये है कि इन टैंकों को चीन के सामने सीमा पर तैनात किया जाएगा। यह टैंक हल्का और तेज होने के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से उपयोगी है। जोरावर को भारतीय सेना की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया गया है ताकि उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इसकी तैनाती आसानी से की जा सके। इसके डिजाइन और निर्माण में नवीनतम तकनीकों का उपयोग



किया गया है। डीआरडीओ प्रमुख डॉ. समीर वी. कामत ने शनिवार को गुजरात के हजीरा स्थित लार्सन एंड टूब्रो संयंत्र में प्रोजेक्ट की प्रोग्रेस खुद चेक की। डीआरडीओ और एलएंडटी ने रूस और यूक्रेन युद्ध से सबक लेते हुए टैंक में बेहद कमाल के फीचर्स जोड़े हैं। इसमें टैंक के लोइटरिंग म्यूनिशन में यूएसवी (मानवरहित सतह वाहन) को इंटीग्रेट किया गया है। लोइटरिंग म्यूनिशन एक प्रकार का हथियार है जो टारगेट एरिया में मंडराता है और सही समय पर निशाना साधकर हमला करता है। इसे कामीकाजी ड्रोन के नाम से भी जाना जाता है। ये म्यूनिशन ऑटोमैटिक होते हैं और इन्हें पहले से निर्धारित लक्ष्य या क्षेत्रों में भेजा जा सकता है। जब ये अपना लक्ष्य पहचान लेते हैं, तो वे सीधे उस पर हमला करते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में 'आतंक' के खिलाफ सेना का बड़ा वार

### कुलगाम मुठभेड़ में 6 दहशतगर्द ढेर, पुलिस ने बताया मील का पत्थर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने 2 और आतंकवादियों के शव बरामद किए हैं। इस तरह कुलगाम जिले में रविवार को हुई दो मुठभेड़ों में मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुलगाम जिले के 2 गांवों में शनिवार को मुठभेड़ शुरू हुई थी। अधिकारियों ने बताया, मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। चिन्नीगाम मुठभेड़ स्थल से 4 आतंकवादियों के शव बरामद किए गए थे। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पैरा कमांडो समेत 2 सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। बताया जा रहा है कि आतंकवाद विरोधी



अभियान अभी जारी है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने पुष्टि करते हुए कहा कि कुलगाम मुठभेड़ में 6 आतंकवादी मारे गए हैं।

### राजौरी में सेना शिविर पर आतंकवादियों का हमला

दूसरी ओर, जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक जवान घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर तड़के गोलीबारी की। उन्होंने कहा, सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की और अपनी पोजीशन ले ली और गोलीबारी का करारा जवाब दिया।

## संभावित बाढ़ के मद्देनजर जिलाधिकारी ने गंडक नदी का का किया निरीक्षण

**चाणक्य भूमि बगहा ।** लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण वाल्मीकी नगर गंडक बैराज से गंडक नदी में 4.32 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। संभावित बाढ़ के मद्देनजर ज़िला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है इसके साथ ही सभी कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने को निर्देश दिया गया है इसी कड़ी में रविवार की दोपहर में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में जिला प्रशासन के टीम प्रखंड बगहा की चाकरी राज्य सहित नगर के आनंद नगर शास्त्री नगर सहित कैलाश नगर आदि जगहों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने गंडक नदी की स्थिति का जायजा लिया साथी ग्रामीणों से मिलकर बाढ़ की स्थिति के संबंध में जानकारी ली इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण विभाग के अभियंताओं से लगातार मीटिंग करने के रात के समय तटबंधों पर मीटिंग आदि व्यवस्था करने का निर्देश दिया है गंडक नदी के दबाव वाले जगह पर नजर



बनाते हुए उनकी निरंतर वोटिंग करने का निर्देश दिया है जिला अधिकारी ने स्थानीय थाना को निर्देशित करते हुए कहा कि नदी में किसी प्रकार की नाव का प्रचलन नहीं होगा इस पर स्थानीय थाना पूरी तरह मस्तक के साथ कार्य करें किसी भी परिस्थिति में नदी में नाव का परिचालन नहीं होना चाहिए इसके साथ ही उन्होंने गंडक नदी पार करने वाले किसानों से भी मिलकर उनकी समस्याओं को जन एवं उन्हें बाढ़ की स्थिति की पूरी तरह से संभव नहीं सावधानी बरतने को लेकर जागरूक किया। जिला अधिकारी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है उन्होंने बताया कि इसको लेकर ऊंचे जगह को चिन्हित किया गया है जहां बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लोगों को कैंप में रखा जा रहा है एवं सामुदायिक किचन के माध्यम से उन्हें राहत पहुंचाई जा रही है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के अलावा जो भी एमएलसी जिला अध्यक्ष भीष्म साहनी बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज एडीएम राजीव सिंह सिंह, एसडीएम डॉ.अनुपमा सिंह सीडीपीओ कुमार देवेंद्र प्रखंड बगहा दो बीडीओ जयराम चौरसिया बगहा एक बीडीओ प्रदीप कुमार व सीओ नर्मदा श्रीवास्तव समेत जल संसाधन विभाग के अभियंता आदि मौजूद रहे।

## हाथरस कांड को लेकर राहुल ने लिखी सीएम योगी को चिट्ठी

### लेटर में की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग, 121 लोगों की गई है जान

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ कांड को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से मुआवजे की राशि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने खुद एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। राहुल गांधी लिखते हैं, हाथरस में भगदड़ हादसे से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर, उनका दुख महसूस कर और समस्याएं जान कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से उनसे अवगत कराया। राहुल गांधी ने कहा, मुख्यमंत्री से मुआवजे की राशि को बढ़ाकर शोकाकुल परिवारों को जल्द से जल्द प्रदान करने का आग्रह किया। इस दुख की घड़ी में उन्हें हमारी सामूहिक संवेदना और



सहायता की आवश्यकता है। हाथरस में मंगलवार को प्रवर्चनकर्ता 'भोले बाबा' के सत्संग में मची भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। गांधी ने शुक्रवार सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी। वहीं, योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा दिया जाएगा। राहुल गांधी ने छह जुलाई को आदित्यनाथ को लिखे अपने पत्र में कहा, ''उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मुआवजा अपर्याप्त है। मैं आग्रह करता हूं कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए और इसे जल्द से जल्द दिया जाए।' कांग्रेस नेता ने कहा कि घायलों को उचित उपचार और उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हाथरस में भगदड़ की घटना में 120 से अधिक लोगों की मौत की खबर से मैं स्तब्ध हूं।

## तमिलनाडु में कानून व्यवस्था चौपट, सीबीआई करे हत्या की जांच

- प्रदेश बीएसपी चीफ की हत्या के बाद स्टालिन सरकार पर भड़कीं मायावती

**चेन्नई (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने उनकी पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की सीबीआई से



जांच कराए जाने की रविवार को मांग की। आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को यहां हत्या कर दी गई थी। मायावती ने दावा किया कि इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोग असल अपराधी नहीं हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया।

**स्वागत को बेकरार...**

# पीएम मोदी के ऑस्ट्रिया दौरे पर चांसलर ने लिखी पोस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रिया के दौरे पर जाने वाले हैं। इसको लेकर ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने खुशी जताई है। इसके अलावा पीएम मोदी का स्वागत करते हुए नेहमर ने एक्स पर पोस्ट भी लिखी है। नेहमर ने कि

- 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री होगी पहली यात्रा

यह यात्रा एक विशेष सम्मान है क्योंकि यह 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मेरे देश की पहली यात्रा है। नेहमर की इस पोस्ट पर पीएम मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है कि भारत और ऑस्ट्रिया के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के मौके पर इस मध्य यूरोपीय देश की यात्रा करना वास्तव में सम्मान की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने तथा सहयोग के नये रास्ते तलाशने पर चर्चा होगी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी आठ और नौ जुलाई को रूस



की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और इन दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की समीक्षा की जाएगी। मोदी रूस से ऑस्ट्रिया जाएंगे। वह नौ और 10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे। पीएम मोदी के स्वागत में ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के सोशल मीडिया पोस्ट लिखी थी। इसमें उन्होंने लिखा कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगले सप्ताह वियना में स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हम भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर बेहतरीन सहयोग के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा। नेहमर की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनका आभार जताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर ऑस्ट्रिया की यात्रा करना वास्तव में एक सम्मान है।

## अब मुंबई में पुणे जैसा हादसा, महिला की मौत

- बीएमडब्ल्यू ने दंपति को मारी टक्कर, महिला को 100 मीटर घसीटा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे में चर्चित पोर्श एक्सीडेंट केस के बाद अब मुंबई में हिट एंड रन की घटना सामने आई। मुंबई के वर्ली में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी।



आरोपी ने मौके से भागने के दौरान 45 साल की महिला को कार से 100 मीटर तक घसीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। पति घायल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के नेता राजेश शाह का 24 साल का बेटा मिहिर शाह चला रहा था। उसके साथ ड्राइवर भी था। घटना के बाद से मिहिर फरार है। पुलिस ने राजेश शाह और ड्राइवर को हिरासत में लिया है। कार भी जब्त कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि वर्ली के कोलीवाड़ा इलाके में रहने वाले प्रदीप नखवा और उनकी पत्नी कावेरी नखवा मछुआरे समुदाय के हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में डिफेंस साइंस और योगा की पढ़ाई, पीजी हिंदी के सिलेबस में भी 20% का बदलाव

**पटना।** पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में अब डिफेंस साइंस और योगा की पढ़ाई होगी। इस पर जल्द ही अमल कर राजभवन और राज्य सरकार की अनुमति से पाठ्यक्रम आरंभ कराया जाएगा। साथ ही पीपीयू में प्री-पीएचडी नामांकन इंट्रेंस परीक्षा (PRT) का भी आयोजन होगा। इसके लिए यूनिवर्सिटी के एकेडमिक काउंसिल ने अपनी मुहर लगा दी। वहीं, बीसीए और बीएससी आईटी के सिलेबस में 20% बदलाव होगा। यह बदलाव वर्ष 2025 से लागू होंगे। पीजी हिंदी के सिलेबस में भी 20% बदलाव आगामी नामांकन सत्र से होगा। इसके साथ ही स्नातक सेमेस्टर परीक्षा में एमडीसी के तहत इंडियन सोसल वैल्यू एंड एथिक्स, स्पोर्ट्स साइंस, फंक्शनल भाषा सहित छह विषयों के सिलेबस को मंजूरी दी गई है। पीजी में नामांकन के लिए प्रक्रिया चल रही है। साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स के करीब 10 हजार सीटों पर नामांकन होगा। पीजी में नामांकन के लिए पहली मेधा सूची 9 जुलाई को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तारीख 16 जुलाई है। नामांकन का वैलिडेशन 18 जुलाई को होगा। दूसरी मेधा सूची 20 जुलाई को जारी होगी। जिसके लिए नामांकन की अंतिम तिथि 25 जुलाई है और वैलिडेशन 26 जुलाई को होगा। 27 जुलाई को तीसरी मेधा सूची जारी होगी। जिसके लिए 31 जुलाई को नामांकन की अंतिम तारीख है। 1 अगस्त को नामांकन का वैलिडेशन होगा। 2 अगस्त से छात्रों की क्लास शुरू होगी।



### BSSC द्वितीय इंटर स्तरीय परीक्षा की अबतक डेट नहीं आई, 12199 पदों के लिए होने हैं एग्जाम

**पटना।** बिहार स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की तरफ से 12वीं पास बीएसएससी इंटर लेवल के 12199 पदों के लिए वैकेंसी निकली थी। आवेदन करने की प्रक्रिया 11 दिसंबर को ही समाप्त हो चुकी है, लेकिन अभी तक परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की गई है। इसके लिए 25 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थी जल्द से जल्द परीक्षा तिथि जारी करने की मांग कर रहे हैं। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि अगर तिथि जल्द जारी नहीं होती है तो हम लोग इसको लेकर जल्द एक बड़ा आंदोलन करने जा रहे हैं। दिलीप कुमार ने आगे कहा कि कि पारदर्शिता लाने के लिए सबसे पहले आयोग को परीक्षा कैलेंडर जारी करना चाहिए। जिसके कारण अभ्यर्थियों को पता चल सके की प्रारंभिक परीक्षा कब होगी, मेंस परीक्षा कब होगी और इंटरव्यू कब होगा। परीक्षा आयोजित करने के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जानी चाहिए। परीक्षा समाप्ति के बाद ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी और क्वेश्चन बुकलेट अभ्यर्थियों को देना चाहिए। आंसर की भी जारी करना चाहिए। इसके बाद जब रिजल्ट आता है तो सभी का मार्क्स जारी कीजिए कि किन अभ्यर्थियों को कितने नंबर आए हैं। बिहार स्टाफ सेलेक्शन की तरफ से जारी इस वैकेंसी के माध्यम से कुल 12199 पदों पर भर्तियां होनी है। इसके लिए 200 गुना से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं इस वैकेंसी के माध्यम से बिहार के सरकारी विभागों में लोअर डिवीजन क्लर्क, फिलारिया इंस्पेक्टर, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल, पंचायत सचिव और टाइपिस्ट जैसे पदों पर भर्तियां होंगी।



### 120 रुपए के लिए किया था मर्डर, मनेर में गिरफ्तार, दो साल से था फरार

**पटना।** मनेर पुलिस ने हत्या मामले में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान निक्कू कुमार उर्फ़ नाटू के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि मनेर पुलिस को सूचना मिली कि मनेर थाना कांड संख्या 862/22 के तहत हत्या में नामजद एक अभियुक्त थाना क्षेत्र के छितनावा अपने घर में मौजूद हैं। सूचना पाकर मनेर थाना की पुलिस हत्या के नामजद आरोपी के घर छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया। बता दें कि 30 नवम्बर 2022 की रात 11 बजे थाना क्षेत्र के छितनावा स्थित हरी ईंट भट्ठा पर लेबर का काम करने युवक को महज 120 रुपए के बकाया को लेकर दो लोगों ने मिलकर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक की पहचान बुध्धन भुइया के रूप में हुई थी। मृतक बुध्धन भुइया भट्ठे पर बनी झोपड़ी में रहकर काम करता था। पास की झोपड़ी में रहने वाला रोहतास के गुड्डू राम ने मनेर थाना में हत्या का मामला दर्ज करवाया था। गुड्डू राम ने अपने लिखित आवेदन में बताया था कि छितनावा निवासी निक्कू कुमार उर्फ नाटू और झारखंड का रहने वाला डेनियल हसाफर्ती रात में बुध्धन भुइया के झोपड़ी के पास आकार उनसे मारपीट करते हुए बकाया 120 रुपए मांगने लगे। जब आवाज सुन हम लोग अपनी झोपड़ी से बाहर आकर बीच बचाओ किया। इसी बीच दोनों मिलकर बुध्धन को वहां से मारते हुए दूसरी जगह ले गये। जब हम लोग उनके पीछे गये तो हम लोगों को मारपीट कर भगा दिया। इस बात की जानकारी हम लोगों ने भट्ठे पर मौजूद मुंशी और मैनेजर को दी। निक्कू के लोकल होने के डर से वे लोग भी उसे बचाने नहीं गये। सुबह में भुध्धन भुइया का शव मिला।



### पप्पू यादव बोले- मेरी विचारधारा कांग्रेस के साथ

**पटना।** रुपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के विचार बदल गया है। पहले उन्होंने कहा था कि वे इंडिया गठबंधन की ओर से प्रत्याशी बीमा भारती का साथ नहीं देंगे। अब फेसबुक लाइव आकर उन्होंने लगभग साफ कर दिया है। पप्पू यादव ने कहा कि अभी हमारा फोकस इंडिया गठबंधन को आगे बढ़ना है। मेरे सामने बड़ा लक्ष्य यही है। इस बड़े लक्ष्य के लिए साथियों से अपील करूंगा कि एक साथ मिलकर बढ़ें। मेरी विचारधारा कांग्रेस के साथ है। कांग्रेस की विचारधारा जो कहती है, उसे आप खुद सोचें। मैंने एक सलाह दी थी, लेकिन नहीं मानी गई। मेरी विचारधारा कहती है कि समाज का सम्मान और स्वाभिमान जिंदा रहना चाहिए। आप सभी लोग अपनी लड़ाई मजबूती से लड़िए। हालांकि, पप्पू यादव ने खुले तौर पर नहीं कहा है कि समर्थक बीमा भारती को करेंगे, लेकिन यह जरूर कह रहे हैं कि कांग्रेस की विचारधारा के साथ रहना है। इंडिया गठबंधन के पक्ष में रहना है। इससे साफ है कि पप्पू यादव वही करेंगे जो कांग्रेस कहेगी। कांग्रेस नहीं चाहती है कि महागठबंधन के अंदर तनावपूर्ण माहौल हो। विधानसभा का चुनाव करीब एक साल बाद है। पप्पू यादव की नजर उस पर भी है। वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव कहते हैं कि पप्पू यादव इंडिया गठबंधन में हैं। बीमा भारती उनसे आशीर्वाद ले चुकी हैं। वे खुल कर विरोध भी नहीं कर सकते हैं। नहीं तो इंडिया गठबंधन से बाहर हो जाएंगे। ये पप्पू यादव की मजबूरी है। उनके सामने अगले साल विधानसभा का चुनाव है। वे चाहेंगे कि उनके कुछ लोगों को विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से टिकट मिले। रुपौली में 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। यह सीट बीमा भारती की वजह से खाली हुई है। बीमा भारती पिछली बार जेडीयू के टिकट पर विधायक बनी थीं, लेकिन बाद में वे आरजेडी के टिकट पर पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने चली गई थी। वहां निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव ने उन्हें हरा दिया था। अब बीमा भारती आरजेडी के टिकट पर रुपौली विधानसभा उपचुनाव के मैदान में हैं। कुछ दिनों पहले वे पप्पू यादव से समर्थन मांगने भी पहुंची थीं।



# पटना में निकली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा

## रथ खींचने के लिए जुटी श्रद्धालुओं की भीड़, पुष्पवर्षा के साथ गूंज रहे हरे राम..हरे कृष्णा के नारे

**एजेंसी, पटना।**

पटना में इस्कॉन मंदिर की ओर से भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने इसकी शुरुआत की है। पट खुलते ही डिप्टी सीएम ने पहले आरती की। इसके बाद सड़क पर झाड़ू लगाया। पूरा वातावरण हरे राम, हरे कृष्णा और जय जगन्नाथ की बोल से गूंज उठा है। 40 फीट ऊंची हाइड्रोलिक सिस्टम से बनी विशिष्ट रथ पर भगवान जगन्नाथ अपने भाई और बहन संग विराजमान हैं। रथयात्रा वाले रूट पर विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ आरती करके भगवान का स्वागत किया जा रहा है। लगभग ढाई लाख भक्तों की भीड़ जुटने की संभावना है।



**ये है रथ यात्रा का रूटः** रथ यात्रा रूट इस्कॉन मन्दिर से बुद्ध मार्ग होते हुए तारा मंडल, विद्युत भवन, पटना हाईकोर्ट, बिहार म्यूजियम, पटना वीमेंस कॉलेज से होते हुए इनकम टैक्स गोलंबर, कोतवाली, डाक बंगला चौराहा, मौर्या लोक से फिर कोतवाली होते हुए इस्कॉन मंदिर बुद्ध मार्ग तक पहुंचेगी।

**जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्थाः** यात्रा को लेकर पटना के ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। रथ यात्रा निकलने से आधा घंटा पहले बुद्ध मार्ग, जीपीओ गोलंबर की यातायात व्यवस्था बदली गई है। जीपीओ फ्लाई ओवर के ऊपर और नीचे गाड़ियों का परिचालन बंद किया गया है। यहां से वाहनों को आर ब्लॉक की तरफ मोड़ दिया जाएगा। वहीं, बेली रोड पर भी यात्रा के दौरान यातायात बाधित रहेगा और वाहनों को वैकल्पिक सड़क से निकाला जा रहा है। इसको लेकर बड़ी संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। सिटी एसपी मध्य चंद्र प्रकाश ने बताया कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में 100 से अधिक जवानों और अधिकारियों को लगाया गया है।



**थाईलैंड के फूलों से सजाया गया रथः** रथ को फूलों से सुसज्जित किया गया है। यह फूल बेंगलुरु, कोलकाता के साथ-साथ थाईलैंड से मंगवाए गए हैं। गुलाब, गेंदा, ऑर्किड, गुलदाउदी, जैसी फूलों से सजाकर रथ को आकर्षक बनाया गया है। इस रथ को तैयार करने के लिए ओडिशा से कारीगर आए थे। पूरे रथ में खूबसूरत पेंटिंग की गई है और आगे 'हरे कृष्णा' के साथ साथ 'जय जगन्नाथ, जय बलदेव और जय सुभद्रा' लिखा हुआ है। रथ के चक्कों पर शंख, गदा के जैसे डिजाइन बनाए गए हैं।

**रथ यात्रा के बाद होगा भंडाराः** इस्कॉन पटना के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास ने बताया कि बड़े पैमाने पर प्रसाद वितरण के लिए प्रसाद बनाया जा रहा है। मूंगफली, मिश्री, सौंफ का पैकेट तैयार हो रहा है। रास्ते में इसे भक्तों को वितरित किया जाएगा। वहीं, वापसी में भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें पूरी, दाल, चावल, सब्जी, खीर, मिठाइयां दी जाएगी। सुरक्षा को लेकर भी सारे इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के खुद के सुरक्षा बल, गार्ड, सिक्योरिटी ड्यूटी पर तैनात हैं। सरकार की तरफ से पुलिस बल की तैनाती की गई है। लगभग ढाई लाख भक्तों के आने की संभावना है। रथ यात्रा में एक-एक करके भक्त जुड़ते जाते हैं। वो आते हैं और अपना दर्शन करके चले जाते हैं। वहीं, विदेशों से खासकर रूस से भी भक्त की कीर्तन मंडली पहुंची है।

## गंगा का जलस्तर अभी डेंजर लेवल से 7 मीटर कम

**एजेंसी, पटना।**

राजधानी के घाटों पर गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 48 घंटों में दीघा घाट पर 30 सेमी और गांधी घाट पर 32 सेमी पानी बढ़ा है। जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों के मुताबिक शुक्रवार को दीघा घाट पर 44.72 मीटर और गांधी घाट पर 44.52 मीटर जलस्तर मापा गया था। यह बढ़कर रविवार को दीघा घाट पर 45.02 मीटर और गांधी घाट पर 44.84 मीटर हो गया है।

**गंगा का जलस्तर अभी डेंजर लेवल से 7 मीटर कमः** जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार गंगा नदी का वर्तमान जलस्तर उच्चतम जलस्तर से काफी कम है। डेंजर लेवल से यह लगभग 7 मीटर कम है। पटना के दीघा घाट पर आज सुबह 6 बजे नदी का जलस्तर 45.02 रिकॉर्ड किया गया। जबकि उच्चतम जलस्तर 52.52 मीटर है।



**अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देशः** शुक्रवार को पटना डीएम ने कई घाटों का भ्रमण किया था। उसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। डीएम द्वारा द्वारा पटना शहर सुरक्षा दीवार का निरीक्षण किया गया था। उन्होंने एलसीटी घाट स्लूइस गेट, राजापुर पुल नाला एवं ड्रेनेज पंपिंग प्लांट, आनन्द पुरी नाला, मंदिरी नाला एवं ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया था। पटना के डीएम डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने पहले ही या निर्देश दे दिया है कि रात के समय नाव का परिचालन बिल्कुल नहीं होगा।

## घटनास्थल पर लगा CCTV कैमरा निकला खराब

**एजेंसी, पटना।**

पटना शहर में क्राइम नियंत्रण के लिए करोड़ों रुपए खर्च करके सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। लेकिन कई जगहों पर कैमरा काम नहीं कर रहा है। सरकारी कैमरा चालू है या नहीं, इसकी जानकारी पदाधिकारियों को तब मिलती है, जब कोई बड़ी घटना हो जाती है।

**कुख्यात रवि गोप के भाई को अपराधियों ने मारी थी गोलीः** 3 जुलाई को दीघा थाना क्षेत्र के बाटा फैक्ट्री के गेट पर कुख्यात रवि गोप के भाई राजू यादव और उसके चालक विकास को अपराधियों ने गोली मार दी थी। इलाज के दौरान विकास की अस्पताल में मौत हो गई थी। घटनास्थल पर लगा कैमरा काम नहीं कर रहा था। इस बात का खुलासा राजीव नगर के डीएसपी-2 विधि व्यवस्था दिनेश पांडे ने किया है।

**अपराधियों की पहचान कर ली गई हैः** हालांकि अन्य चेक प्वांइट पर लगे कैमरे ठीक से काम कर रहा था। जिससे अपराधियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अगर मौके वारदात पर लगे कैमरे ठीक से काम करता तो घटना की पूरी तस्वीर सामने आ जाती। जिससे पुलिस का भी काम आसान हो जाता।



**गोलीबारी में घायल राजू की स्थिति में सुधारः** जानकारी के मुताबिक गोलीबारी में घायल राजू की स्थिति में सुधार है। डॉक्टरों के मुताबिक गोली पेट में लगी थी, जिसे निकाल दिया गया है। अब खतरे से बाहर है। कुख्यात रवि गोप का भाई राजू शराब, ड्रग्स सहित अन्य कई गलत काम किया करता था। इसके साथ ही हाल के दिनों में ऑटो स्टैंड समेत अन्य कई जगहों से रंगदारी वसूला करता था। रवि गोप के जेल जाने के बाद रंगदारी समेत अन्य कामकाज संभालने का जिम्मा राजू के पास था और सहयोगी विकास भी साथ रहकर काम किया करता था।

♦ दीघा में कुख्यात रवि गोप के भाई को मारी थी गोली, दूसरे कैमरे से हुई अपराधियों की पहचान

**शादी के मंडप से STF ने उठाया थाः** रवि गोप एक कुख्यात और शातिर अपराधी है। रवि ने दो वर्ष पहले जेल से निकलने के लिए फर्जी बेल बांड बनवाकर बेल ले लिया था। इसके बाद शादी के लिए पटना से सटे बाढ़ पहुंच गया, लेकिन STF को इसकी भनक लग गई और शादी के मंडप से ही रवि गोप को उठा लिया और पटना पुलिस के हवाले कर दिया। STF की टीम को यह भी जानकारी मिली थी कि शादी के बाद रवि गोप नेपाल भागने की फिराक में था, जिसके दस्तावेज भी बरामद हुए थे। जेल जाने के बाद रवि का सहोदर भाई राजू ही उसके काम को संभालता है। मारपीट-रंगदारी जैसी घटना को अंजाम देता है।

## पटना में पीट-पीटकर युवक की हत्या, घर के पास मिला शव, डेड बॉडी के पास थी खून से सनी लाठी

**एजेंसी, पटना।**

पटना में एक युवक की लाठी से पीट पीटकर हत्या कर दी गई है। लाश घर से कुछ दूरी पर रविवार की सुबह शिव मंदिर के पास मिली है। घर वालों का कहना है कि वीरेन्द्र दास शनिवार की रात में घर से टॉयलेट करने निकले थे। लेकिन सुबह में उनकी डेड बॉडी मिली। लाश के पास से एक लाठी भी मिली है, जिस पर खून के निशान पाए गए हैं। घटना गौरीचक थाना के गोपालपुर गांव की है। गोपालपुर गांव के वीरेंद्र दास (45) खेती बाड़ी करके अपना और अपने परिवार का भरण पोषण किया करते थे। शनिवार की देर रात वे अपने घर से निकलकर टॉयलेट करने के लिए बाहर निकले। लेकिन वो काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटे। ट्रेनी डीएसपी चिंकी कुमारी ने कहा कि सुबह 6 बजे के आसपास मर्डर की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचकर जांच में पुलिस जुटी है। पीट-पीटकर हत्या की गई है।

**रात में टॉयलेट करने निकला था**



**मजदूरी करता था परिवारः** वीरेंद्र दास के घर नहीं लौटने पर घर वालों ने काफी खोजबीन की तो रविवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर स्थित शिव मंदिर के पास वो अचेत पड़े थे। आनन-फानन में परिवार के लोग वीरेंद्र दास को पुनपुन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। वीरेंद्र दास (45) के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा पंकज कुमार (22) और छोटा पप्पू (16) है। दोनों मेहनत-मजदूरी करते हैं, जबकि पत्नी गांव में ही खेतों में काम किया करती है। गांव में मर्डर की डायल 112 और गौरीचक थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस वारदात के पीछे की वजहों को लेकर जांच कर रही है। गोपालपुर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने एक डंडा बरामद किया है। जिसमें खून लगा हुआ है। पुलिस इस मामले को हत्या मानकर छानबीन कर रही है। हर एंगल से जांच की जा रही है।

## 20 लाख की नकली शराब बनाने की थी साजिश

**एजेंसी, पटना।**

पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जकड़ियापुर स्थित मां अन्नपूर्णा ट्रांसपोर्ट से भारी मात्रा में स्प्रिट मंगाकर नकली विदेशी शराब बनाने की साजिश चल रही थी। पटना के मध निषेध विभाग ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में मां अन्नपूर्णा ट्रांसपोर्ट से सैकड़ों लीटर स्प्रिट बरामद कर लिया है, जबकि वहां उपस्थित चार युवक पुलिस को देखकर भागने में सफल हो गए। पुलिस का यह मानना है कि जब्त किए गए स्प्रिट से 20 लाख रुपए से अधिक मूल्य के विदेशी शराब तैयार किए जा सकते थे। अब पुलिस उन युवकों को ढूंढ रही है जो पुलिस की नजर से बचकर भागने में सफल हो गए। इसके साथ ही पुलिस ने उन लोगों को भी तलाश करना शुरू कर दी है, जिनके द्वारा यह स्प्रिट मंगाई गई थी। बताया जा रहा कि शनिवार की देर रात मध निषेध विभाग को सूचना मिली कि पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जकरियापुर स्थित मां अन्नपूर्णा ट्रांसपोर्ट में नकली विदेशी शराब बनाने के लिए भारी मात्रा में स्प्रिट मंगाया गया है।





♦ पटना में मध निषेध विभाग ने सैकड़ों लीटर स्प्रिट किए जब्त, 4 तस्कर पुलिस को देख भागे

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे चिराग पासवान

**एजेंसी, पटना।**

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सीएम नीतीश कुमार से आज उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार चिराग आज सीएम से मिलने पहुंचे थे। दोनों की मुलाकात को लेकर सियासी हलचल तेज है। दोनों की मुलाकात का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें चिराग ने नीतीश कुमार का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। फिर आपस में बातचीत करते दिखे। चिराग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट X पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद आज पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। साल 2014 में मुख्यमंत्री के पूर्व की नियमावली में संशोधन करते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के तहत दफादार/चौकीदार के आश्रितों की बहाली का प्रावधान करते हुए बिहार चौकीदार संवर्ग नियमावली 2014 का प्रावधान किया गया था। इसके तहत 2023 तक दफादार/चौकीदार के आश्रितों की बहाली होती रही है। पहले से सेवानिवृत और सेवानिवृत होने वाले दफादारों/चौकीदारों के आश्रितों की बहाली, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बचे आश्रितों को नियुक्ति पत्र अभी तक नहीं दिया गया है जबकि एक-दो जिलों में नई बहाली की प्रक्रिया शुरू हो जो चिंताजनक विषय है। मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मांग करती है कि इस प्रक्रिया को पहले की तरह ही फिर बहाल किया जाए। साथ ही इन दिनों बिहार में निर्माणाधीन पुल गिरने की घटनाएं सामने आ रही है, इसको लेकर भी मुख्यमंत्री के सामने अपनी चिंताएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने भी आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इन विषयों को लेकर संबंधित विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



## पटना में पत्नी का शव ऑटो से लेकर घूमता रहा, ससुरालवालों ने भाई को पकड़ा, दरवाजे पर लाश छोड़कर भागा

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायकेवालों का आरोप है कि पति शव को ऑटो में लेकर घंटों घूमता रहा, और परिजनों को गुमराह करता रहा। बाद में आरोपी के ससुरालवालों ने जब उसके भाई को पकड़ा तो वो शव महिला के मायके में छोड़कर भाग गया। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के उसरी शिकारपुर गांव का है। मृतका की पहचान सुमन कुमारी (25) के रूप में हुई है। आरोप है कि पति दिलीप ने पत्नी की हत्या की है। दीघा थाना के कुर्जी कोठिया की रहने वाले सुमन के पिता राजू राय ने उसकी सास, भैसुर और एक अन्य महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। उन्होंने दहेज के लिए बेटी की हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। मृतका के भाई कुश कुमार ने बताया कि जीजा ने फोन कर कहा कि तुम्हारी बहन झगड़ा कर रही है। मैंने जब बात कराने को कहा तो फोन काट दिया। फिर मैंने 6-7 बार कॉल किया लेकिन फोन नहीं उठाया। बाद में फोन कर कहा कि वो मर गई।

**बहन के ससुराल गए तो न शव मिला न भांजी-भाईः** भाई कुश कुमार ने बताया कि शनिवार को दिलीप ने फोन कर बताया कि उसकी बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब हमने आने की बात कही तो बोला-मैं अस्पताल लेकर जा रहा। हमने अस्पताल आने की बात की तो फिर घर जाने की बात करने लगा। ढाई-तीन घंटे मायकेवालों को वो गुमराह करता रहा। अंत में भाई जब परिवार के साथ बहन की ससुराल पहुंचे तो वहां न बहन का शव मिला और न ही उसकी बच्ची दिखाई पड़ी।



**जेठ को पकड़ा तब शव छोड़कर भागाः** मृतका के भाई ने बताया कि परिजन बेटी की तलाश में थे। इस बीच कुछ रिश्तेदारों ने जेठ अजीत को दानापुर अनुमंडल अस्पताल के पास से पकड़ लिया। और घर ले आए। सुमन के पति पर उन लोगों ने भाई और मां को पकड़ने का हवाला दिया तो वह शव को ऑटो से ले आकर घर के दरवाजे पर छोड़ फरार हो गया। कुश ने कहा कि सुमन की शादी 2022 में उसरी शिकारपुर के रहने वाले मुन्ना राय के पुत्र दिलीप के साथ हुई थी। सुमन की सवा साल की पुत्री भी है। शादी के बाद पांच लाख दहेज की मांग को लेकर बहन के साथ मारपीट की जा रही थी। कई बार पंचायत भी हुई।

♦ परिजन बोले-बेटी की हत्या हुई

**गला दबाकर हत्या करने का आरोपः** उन लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सास सुगनी देवी,जेठ अजीत और बच्ची को छिपाने वाली एक अन्य महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। मृतक महिला सुमन के भाई ने बताया बहन की गला दबाकर हत्या कर दी और उसे आत्महत्या बताने की कोशिश कर रहे हैं। थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा। फिलहाल आवेदन के आधार पर छानबीन की जा रही है। मायके से लोग पहुंचे तो न सुमन कुमारी का शव मिला और न ही उसकी बच्ची दिखाई पड़ी।

### संक्षिप्त समाचार

## पटना पुलिस अब व्हाट्सएप पर देगी की एफआईआर का अपडेट, थाने का चक्कर खत्म



**पटना, एजेंसी।** बिहार पुलिस में आये दिन नये नये बदलाव हो रहे हैं. एक ओर पुलिस हाइटेक हो रही है तो दूसरी ओर आम लोगों को भी गजेट्स के माध्यम से सहूलियत दे रही है. राजधानी पटना में पुलिस अब शिकायतकर्ताओं को व्हाट्सएप पर जांच का अपडेट देगी. शिकायत कराने के बाद पीड़ितों को थाने के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे. शिकायत दर्ज कराते समय शिकायतकर्ताओं से उनका व्हाट्सएप नंबर लिया जाएगा. सनहा अगर एफआईआर लायक नहीं लगता है, तो भी पुलिस को जांच रिपोर्ट आवेदक को उपलब्ध करानी होगी. इस संबंध में डीआईजी सह पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं. पटना एसएसपी ने एसपी सिटी और डीएसपी रैंक के पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध के मुद्दे पर बैठक की. एसएसपी राजीव मिश्रा ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि थाने में जानेवाले पीड़ितों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. साथ ही समय पर उनकी समस्याओं का समाधान कर दिया जाए. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी पीड़ित की ओर से इस संबंध में कोई शिकायत मिलेगी तो संबंधित पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी. पटना के पुलिस कप्तान ने अफसरों को बीट पुलिसिंग पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए. इसके अलावा उन्होंने थानों की गश्ती व्यवस्था को और भी चुस्त-दुरुस्त करने को कहा है. उन्होंने निर्देश दिया कि रात के समय पुलिस गश्ती में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए. गश्ती की भी मॉनिटरिंग करने की जरूरत है.

## पहली बारिश में ही धंस गयी चार साल पहले बनी पुलिया, मोतिहारी में एक माह में दूसरा मामला



**मोतिहारी, एजेंसी।** मॉनूसन की पहली बारिश में ही चार से पहले बनी पुलिया धंस गयी. पूर्वी चंपारण जिले में हाल के दिनों में ऐसी यह दूसरी घटना है. मधुबन प्रखंड के लोहारगांवा गांव में बनी आरसीसी पुलिया शनिवार की देर शाम बारिश की वजह से ध्वस्त हो गई. इस पुलिया का निर्माण चार साल पहले ही हुआ था. हाल के दिनों में पूर्वी चंपारण जिले में पुल गिरने का यह दूसरा मामला है. वहीं, बिहार में बीते 20 दिनों के अंदर 13 पुल ध्वस्त हो चुके हैं. सरकार ने अब तक 17 इंजीनियरों को निलंबित भी कर दिया है. जानकारी के अनुसार मधुबन के लोहरगांवा में 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2019 में करीब 2 लाख रुपये की लागत से आरसीसी पुलिया का निर्माण किया गया था, जो शनिवार को गिर गया. पुलिया ध्वस्त होने से लोहारगांवा ग्राम के सहनी टोला एवं अनुसूचित जाति टोला का सड़क संपर्क टूट गया. इससे करीब 400 लोगों की आबादी प्रभावित हुई है. ग्रामीणों नेबताया कि योजना के अभी पांच साल भी पूरे नहीं हुए. पुलिया ध्वस्त होने से लोग पगडंडी होकर आवागमन कर रहे हैं. गांव में बाइक भी नहीं पहुंच पा रही है. मुखिया कृष्णा देवी ने बताया कि समयावधि पूरी होने पर पुलिया निर्माण के लिए योजना में लिया जाएगा. इससे पहले बीते 22 जून को पूर्वी चंपारण जिलेके ही घोड़ासहन के अमवा में करीब 1.69 करोड़ की लागत से बना पुल ढलाई के बाद ही ध्वस्त हो गया था. बीते 18 जून से लेकर अब तक बिहार में कुल 13 पुल गिर चुके हैं. अकेलेसारण और सीवान जिले में इसी हफ्ते एक के बाद एक 6 पुल गिर गए थे. बिहार सरकार द्वारा राज्यभर के पुलों का निरीक्षण भी कराया जा रहा है. सरकार का दावा है कि जांच में दोषी पाए जानेवाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और पुलों की लागत ठेकेदारों से वसूल की जाएगी.

# कोसी और गंडक बराज के सभी फाटक खोले गए, लाल बत्ती दे रही बाढ़ से तबाही के संकेत

**पटना, एजेंसी।** नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने बिहार के लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दी है. बिहार हर साल बाढ़ का दंश झेलता है. पहले उजड़ना और फिर बसना, बिहार के कई इलाकों के लोगों के लिए ये हर साल की कहानी है. इसबार भी अब बाढ़ की मार नजदीक दिख रही है. कोसी, गंडक समेत कई नदियों का जलस्तर जिस तरह बढ़ रहा है उससे लोगों की चिंता बढ़ी हुई है. कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस चुका है. लोग अपना घर-मकान छोड़कर सुरक्षित जगह की ओर पलायन करने लगे हैं. वहीं बराजों से अब और खतरनाक संकेत मिल रहे हैं. कोसी बराज और गंडक बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं.

बिहार का सुपौल जिला कोसी नदी के रौद्र रूप को सहता है. कई गांव बाढ़ की चपेट में हर साल आते हैं. पिछले कुछ दिनों से नेपाल में हो रही बारिश ने कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा दिया है. कोसी की सहायक नदियों का भी पानी बढ़ा है जिससे कोसी उफनाई हुई है. वहीं



वीरपुर बराज के 56 में 56 फाटक रविवार को खोल दिए गए. इस साल सबसे अधिक पानी यहां छोड़ा गया जिसके कारण बराज की लाल बत्ती भी जला दी गयी. ताजा जानकारी के अनुसार, रविवार को दोपहर 1 बजे के आंकड़े के मुताबिक, बराज से 3 लाख 86 हजार 735 क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका था. बताते चलें कि शनिवार को ही 36 फाटक खोलने पड़े थे. रविवार को बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं.

बराज पर लाल बत्ती और लाल झंडे की कहानी कुछ ऐसी है कि ये वर्तमान स्थिति को बताता है और संभावित खतरे को लेकर लोगों को अलर्ट करता है. कोसी बराज पर पहले एक के बाद एक करके दो झंडे लगाए गए थे. अब लाल बत्ती जला दी गयी है. दरअसल, जब बराज पर 2 लाख क्यूसेक से अधिक पानी रिकॉर्ड किया जाता है तो दो झंडा लगाने की औपचारिकता पूरी की जाती है. नियम के अनुसार, बराज स्थित कंट्रोल रूम हर घंटे पर नदी के मापांक को प्रसारित करता है. नदी का जलस्तर जब बढ़ने लगता है तो आम लोगों को सतर्क करने के लिए सूचनार्थ यह झंडा लगाया जाता है. जब नदी का जलस्तर 1.5 लाख क्यूसेक पार करता है तो कोसी बराज पर एक झंडा लगाया जाता है. जब दो लाख क्यूसेक का लेवल पानी पार करता है तो बराज पर दोनो ओर झंडे टांगे जाते हैं. वहीं जब जलस्तर तीन लाख क्यूसेक को पार कर जाता है तो बराज पर लाल बत्ती जलाकर लोगों को हाई अलर्ट किया जाता है.

वहीं दूसरी ओर नेपाल में भारी बारिश और गंडक बराज से पानी डिस्चार्ज किये जाने से गंडक नदी उफान पर है. अगले 48 घंटे में नेपाल से करीब 5 लाख क्यूसेक पानी आने की संभावना है. गंडक नदी से इस वर्ष सर्वाधिक 3.14 लाख क्यूसेक डिस्चार्ज किया गया है. यहां तटबंध के अंदर बसे गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है. पश्चिमी चंपारण के वाल्मीकिनगर में गंडक बराज के कार्यपालक अभियंता सियाराम पासवान ने बताया कि गंडक बराज के सभी 36 फाटक को खोल दिया गया. गंडक बराज पर तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को हाई अलर्ट कर दिया गया. पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज में नीचले इलाके के लोग अब सुरक्षित जगहों की ओर पलायन करने लगे हैं.

## चिराग पासवान मिले सीएम नीतीश कुमार से, नौकरी और गिरते पुल के मुद्दे पर हुई चर्चा

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की. उन्होंने सीएम नीतीश कुमार से मिलकर बिहार में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की. चिराग पासवान सरकारी नौकरी के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की और आगामी नियुक्ति को लेकर किन किन विभागों में काम चल रहा है इसकी जानकारी ली. नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद चिराग की सीएम नीतीश कुमार से यह पहली मुलाकात है.

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सीएम से मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया. इन दिनों बिहार में निर्माणाधीन पुल गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं, इसको लेकर भी सीएम के सामने उन्होंने अपनी चिंता व्यक्त की. बिहार में बीते 20 दिनों के भीतर बारिश की वजह से विभिन्न जिलों में 13 पुल ध्वस्त हो चुके हैं. यह मुद्दा बिहार ही नहीं बल्कि देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है. विपक्ष नीतीश और मोदी सरकार पर हमलावर है. वहीं, अब एनडीए के सहयोगी दल भी सीएम नीतीश पर कार्रवाई का दबाव बनाने लगे हैं. हालांकि, पिछले दिनों जल संसाधन और ग्रामीण कार्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए पुल गिरने के दोषी 17 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया था.



इसके साथ ही चिराग पासवान ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के द्वारा 2014 में बिहार चौकीदार संवर्ग नियमावली बनाई थी. इसमें दफादार अथवा चौकीदारों के आश्रितों की बहाली का प्रावधान किया गया था. इस नियमावली के तहत साल 2023 तक आश्रितों की बहाली होती रही है. पहले से रिटायर्ड और रिटायर होनेवाले चौकीदारों के आश्रितों की बहाली एवं स्वेच्छिक सेवानिवृत के शेष आश्रितों की नियुक्ति पत्र अभी तक जारी नहीं किए गए, जबकि एक-दो जिलों में सरकार ने नई बहाली की प्रकिया शुरू कर दी है, जो चिंताजनक विषय है. चिराग ने सीएम नीतीश कुमार से कहा कि उनकी पार्टी लोजपा रामविलास की मांग है कि इस प्रक्रिया को पूर्व की तरह फिर से बहाल कर दिया जाए. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने इन सभी मुद्दों पर संबंधित विभागों द्वारा जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया है.

## हिंदू होकर 14 साल में की 5 शादियां, चौथी पत्नी ने खोला पांचवीं शादी का राज

**आरा, एजेंसी।** बिहार में एक सीआरपीएफ जवान ने 14 वर्षों में 5 शादियां की. किसी पत्नी को सौतन होने की खबर थी, लेकिन पिछले दिनों एक पत्र ने उसका राज उजागर कर दिया. धर्मपत्नी के जीवित रहते हुए एक से अधिक विवाह करने का आरोप सिपाही हरेंद्र राम पर लगा है. सिपाही पर यह आरोप उसकी चौथी पत्नी ने लगाया है. चौथी पत्नी को जब अपने पति के इन कारनामों की भनक लगी तो उसने परिवार न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई. दर्ज शिकायत में कहा गया है कि हिंदू विवाह परंपरा और कानूनों का उल्लंघन करते हुए हरेंद्र ने इन शादियों के बारे में न तो अपनी पूर्व की पत्नियों को कोई जानकारी दी और न ही नियोक्ता को इसकी सूचना है. अदालत में दायर याचिका में हरेंद्र की चौथी पत्नी ने उसकी अब तक हुई सभी शादियों की जानकारी दी है. इसके हिसाब से उसने साल 2008 से लेकर 2021 के बीच यह पांच शादियां कीं. पहली शादी साल 2008, फिर 2010 में दूसरी शादी, साल 2014 में तीसरी और 2017 में चौथी शादी रचाने के बाद उसने अंतिम शादी 2021 में की. चौथी पत्नी ने सीआरपीएफ की बटालियन बी/09 को चिट्ठी लिखकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर हरेंद्र पर विभागीय जांच हो रही है. चिट्ठी के हिसाब से सिपाही हरेंद्र ने कानूनों का उल्लंघन किया है. इसके लिए उसे हिंदू विवाह अधिनियम- 1955, सिविल सेवा (आचरण) नियमावली-1964 और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम 1949 के तहत अपराधी माना गया है. हरेंद्र ने इन नियमों और अधिनियमों में दर्ज आदेशों और की अवज्ञाओं का उलंघन किया है.

जवान का कारनामा तब सामने आया, जब चौथी पत्नी की एक चिट्ठी सोशल मीडिया में वायरल होने लगी. इस चिट्ठी में जवान की करतूतों के बारे में बताया है कि कैसे उसने पहली पत्नी को धोखे में रखकर दूसरी, तीसरी और चौथी शादियां रचाई. चौथी पत्नी ने पति की पांचवीं के बाद यह राज खोला है. शादी करने के कारण चर्चा में आए हरेंद्र राम का चिट्ठी में गांव या मोहल्ले का जिक्र नहीं किया गया है, लेकिन आरा कोर्ट के वकील इसे सही बता रहे हैं.

## अब ट्रेनों में टीटीई नहीं कर सकेंगे मनमानी, क्यूआरकोड से यात्री का काम ऐसे होगा आसान

**पटना, एजेंसी।** अब रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में टीटीई की मनमानी नहीं चलेगी. कोई टीटीई अगर निजी स्वार्थ के कारण किसी यात्री को जानबूझकर परेशान करते हैं. तो वे तुरंत पकड़े जायेंगे. रेलवे ने इस तरह की घटना व शिकायतों पर नियंत्रण करने के लिए ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स की शुरुआत की है. सोनपुर रेल मंडल की तरफ से शनिवार को मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स से संबंधित एक क्यूआर कोड सभी जगहों पर लगा दिया है.

इसके जरिए टीटीई को अपनी ड्यूटी, टिकट जांच व जुर्माना वसूली आदि का पूरा ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करना है. उन्हें अपनी तस्वीर भी पोस्ट करनी है. इसके जरिए कम से कम दो दिन का ब्योरा अपलोड करना अनिवार्य किया गया है. सोनपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम रौशन कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट की तर्ज पर ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स चलाया जा रहा है. इसे लेकर एक विशेष क्यूआर कोड तैयार कराया गया है, जिसे मुजफ्फरपुर समेत सोनपुर रेल मंडल के अधीन सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर लगाया गया है. जहां बाकी है, उन स्टेशनों पर भी आने वाले दिनों में लगा दिया जाएगा. सीनियर डीसीएम ने बताया



कि क्यूआर कोड से रेलवे के अधिकारी के साथ आम यात्री भी टिकट चेकिंग की जानकारी और पूरा ब्योरा ले सकते हैं. क्यूआर कोड स्कैन करने पर पता चलेगा कि कौन टीटीई कहां, कितने यात्रियों को टिकट निर्गत किया. साथ ही किस स्टेशन पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, उसकी भी जानकारी मिलेगी. टीटीई बड़े स्टेशनों पर टिकट चेकिंग तो करते हैं, लेकिन छोटे-छोटे स्टेशनों पर टिकट चेकिंग नहीं हो पाती, जिसका फायदा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री उठाते हैं. इससे रेलवे को राजस्व का नुकसान होता है. अब ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स से टीटीई को अपनी भौतिक स्थिति की जानकारी अपलोड करनी होगी, जिसकी निगरानी मुख्यालय से की जाएगी.

## बिहार के रोहतास और औरंगाबाद में ये बाइपास जानिए कबतक बनेंगे, मोहनिया-चौसा नेशनल हाइवे की भी आयी जानकारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में रोहतास जिला के दावथ और नासरीगंज सहित औरंगाबाद जिला के दाउदनगर में बाइपास बनाये जायेंगे. इसके साथ ही मोहनिया से चौसा एनएच का निर्माण होगा. इन सभी सड़कों का निर्माण 2025 तक पूरा होने की संभावना है. दावथ, नासरीगंज और दाउदनगर बाइपास का निर्माण एनएच-120 को कनेक्टिविटी देने के लिए किया जायेगा. फिलहाल इन सभी बाइपास के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. इन सड़क प्रोजेक्ट का मकसद दावथ, नासरीगंज और दाउदनगर में लगने वाली जाम से छुटकारा दिलाना और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा दिलाना है. बाइपास बनने से गाड़ियों का आवागमन शहरों के बाहर से होगा. इसके साथ ही भोजपुर-डुमरांव-दाउदनगर एनएच-120 पर लोगों को आवागमन में सुविधा होगी. इन बाइपास का निर्माण 2025 में पूरा होने की समयसीमा है. एनएच 319ए का निर्माण दो चरणों में होना है. इसमें पहले चरण में मोहनिया से चौसा तक करीब 45 किमी लंबाई में दो लेन की सड़क का



निर्माण हो रहा है. इसे 2025 तक पूरा होने की संभावना है. इसी एनएच के दूसरे खंड में चौसा से बक्सर के बीच फोरलेन सड़क का निर्माण होना है.

यह सड़क बक्सर शहर के दक्षिण से होते हुए लालगंज के सामने बक्सर-इटाढ़ी रोड को पार करते हुए कथकौली गांव के पास पटना-बक्सर एनएच 922 से मिल जाएगी. इसका निर्माण पूरा होने के बाद पटना, बिक्रमगंज, दिनारा, कोचस और मोहनिया की तरफ से आने-जाने वाले वाहन बिना बक्सर शहर में प्रवेश किए आगे का सफर तय कर सकेंगे. इससे बक्सर शहर में जाम की समस्या का समाधान हो सकेगा. मुजफ्फरपुर बाइपास का काम भी तेजी से करने का निर्देश दिया गया है. इस बाइपास का निर्माण कार्य इस साल ही पूरा हो जाने की संभावना है. इस बाइपास के बनने से मुजफ्फरपुर शहर पर से ट्रैफिक का दवाब कम होगा और पटना से नेपाल, पूर्णिया व गोपालगंज होकर यूपी जाने में भी सहूलियत होगी.

## वन मंत्रालय को बिहार में जमीन के बदले चाहिए जमीन, 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजना अधर में



**पटना, एजेंसी।** वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से लगायी गयी नयी शर्त के कारण बिहार में 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाएं अटक गयी हैं. इन परियोजनाओं पर काम शुरू करने के लिए तत्काल 650 हेक्टेयर गैर वन भूमि की जरूरत है. जिसके लिए बड़े पैमाने पर वन भूमि की जरुरत है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के उपयोग के बदले राज्य सरकार के सामने गैर वन भूमि देने की शर्त रख दी है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की इस शर्त के आगे बिहार सरकार बेवश है. इस शर्त ने राजमार्ग निर्माण की रफ्तार रोक दी है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से इस शर्त को रखे जाने के कारण बिहार में 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाएं अधर में लटक गई हैं. बिहार सरकार का कहना है कि बिहार जैसे सघन आबादी वाले राज्य में इस नियम का पालन होने पर सड़क निर्माण ही नहीं हो सकता है.

बिहार सरकार का कहना है कि इतनी जमीन मुहैया कराना उसके लिए संभव नहीं है. पहले सड़क निर्माण में वन भूमि का उपयोग किया जाता था, तो गैर वन भूमि देने की बाध्यता नहीं थी. पूर्व के नियमानुसार जितने पेड़ों की कटाई होती थी, उसकी दोगुनी संख्या में पेड़ लगाने के लिए पैसे देने पड़ते थे. इसके अलावा शुद्ध वर्तमान दर (नेट प्रेजेंट वैल्यू) के अनुसार सरकार को साढ़े छह लाख प्रति हेक्टेयर की दर से नकद राशि जमा करनी पड़ती थी, लेकिन अब केन्द्र सरकार के वन मंत्रालय ने इसमें एक नई शर्त जोड़ दी है. पेड़ लगाने का पैसा और नकद राशि के साथ ही यह नियम बना दिया गया कि जितनी वन भूमि का उपयोग होगा, उतनी (समतुल्य) जमीन सरकार को उपलब्ध करानी होगी, ताकि वहां हरित क्षेत्र विकसित किया जा सके. हालांकि इस शर्त का बिहार सरकार पहले ही विरोध कर चुकी है.

देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में सड़क निर्माण के लिए पहले से ही जमीन मिलने में परेशानी हो रही है. ऐसे में वन भूमि के बदले गैर वन भूमि कहां से और कैसे दी जा सकती है. अगर इस शर्त का पालन किया जाए तो बिहार में सड़क निर्माण का काम अटक जाएगा. राज्य सरकार का यह भी कहना हैकि जिन सड़क परियोजनाओं को परिवेश पोर्टल पर नए नियम के लागू होने के पहले अपलोड कर दिया गया है, उस पर इस शर्त को लागू नहीं किया जाए, लेकिन वन विभाग केंद्र को भेजी गई तमाम सड़क परियोजनाओं पर इस नियम को लागू कर रहा है.

नई शर्त में राज्य की कई परियोजनाएं अटक गई है. वाराणसी-कोलकाता छह लेन एक्सप्रेस वेके लिए 140.71 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है. आरा-सासाराम के लिए 28.89 हेक्टेयर तो सरवन-चकाई के लिए 19.87 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है. एनएच 227ए मेहरौना घाट सेसीवान (रामजानकी मार्ग) के लिए 24.13 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है.

# गंडक नदी में लगातार कटाव जारी लोगों में बड़ा भय का माहौल

चाणक्य भुमि योगापट्टी



लगातार वर्षा के कारण जलस्तर में वृद्धि के कारण प्रखंड क्षेत्र के सिसवा मंगलपुर पंचायत में कही बाढ तो कही कटाव से ग्रामीण त्रस्त हो रहे हैं। गंडक नदी का रौद्र रूप रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पंचायत के मंगलपुर गांव में कटाव की गति बढ़ती ही जा रही है। वही पिछले सप्ताह पंचायत के सिसवा व खापटोला गांव में नदी के जलस्तर बढने से बाढ से लोग जुझ रहे हैं। अभी तक लगभग दर्जनो गरीब परिवारों का आशियाना नदी में विलीन हो चुका है। कटाव की गति को देखकर गांव के दर्जनों परिवार सुरक्षित स्थान पर पलायन करने को मजबूर है । प्रखंड क्षेत्र में सिसवां मंगलपुर पंचायत के सिसवा एवं खाप टोला गांव के कुछ दूरी पर गंडक नदी बहती है। हर वर्ष वर्षात के दिनों में गंडक नदी अपना रौद्र रूप दिखाती है। पिछली बार और इस बार मिलकर लगभग तीन दर्जन लोगों का घर नदी में विलीन हो चुका है। सिसवा मंगलपुर एवं खाप टोला गांव मे गंडक नदी के कटाव की सूचना पर योगापट्टी अंचलाधिकारी प्रज्ञा नयनम एवं जल संसाधन विभाग के वरिय अधिकारी भी पहुंचकर कटाव स्थल का जायजा लिया व उसके दूसरे दिन से ही बोरी में बालू भर कर कटाव से निपटने की लगातार प्रयास किया जाने लगा । लेकिन दो दिनों से हो रही वर्षा के कारण नदी के जलस्तर में वृद्धि से कटाव रोधी कार्य पर भी ग्रहण लग गया है। सिसवा मंगलपुर पंचायत के मुखिया रामचंद्र साह पूर्व मुखिया कृष्ण बिंद पप्पू पाण्डेय शत्रुघ्न पटेल मोहन पटेल सुनील पटेल मदन यादव पारस प्रसाद तेतरी देवी आदि लोगों ने बताया कि वर्षात के दिनों में हर बार नदी का कटाव होने लगता है। कटाव को देखकर गांव के दर्जनों परिवार के लोग ऊंचे स्थान पर शरण लेने के लिए पलायन कर हैं। बोरी में बालू भर कर कटाव रोकने का प्रयास किया जा रहा है । इधर योगापट्टी अंचलाधिकारी प्रज्ञा नयनम ने बताया कि कटाव को रोकने के लिए बोरी मे बालू भर कर स्टॉक किया जा रहा था। लेकिन लगातार वर्षा और नदी के जलस्तर में वृद्धि के साथ इस पंचायत के मंगलपुर गांव में कटाव की सुचना मिल रही है। वही एक सप्ताह से कटाव हो रहे पंचायत के सिसवा और खापटोला गांव में बाढ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे कटाव रोधी कार्य पर तत्काल ग्रहण लग गया है। इसकी सूचना वरीय अधिकारियो को दे दिया गया है। कटाव को रोकने के हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बतायी की बाढ व कटाव पिडित परिवारों के लिए बाढ कटाव शरण स्थली बनाया गया है। जहां पिडित परिवारों को आपदा की ओर से सहायता की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री सतीश चंद दुबे का बगहा में जोरदार स्वागत



चाणक्यभूमि बगहा

भाजपा के राज्यसभा सांसद सतीश चंद दुबे को केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री द्वारा बनाए जाने पर पहली बार बिहार के राज्य धानी पटना पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उसके बाद वह रोड के रास्ते चंपारण के बगहा पहुंचे। वहां उनके समर्थक और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बगहा नगर सिनेमा चौक पर उनका जोरदार स्वागत किया इस दौरान उनके साथ में बगहा विधायक राम सिंह रामनगर विधायका भागीरथी देवी व लौरीया विधायक विनय बिहारी समेत भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी समेत अन्य कार्यकर्ताओं का काफिला उनके पीछे चल रहा था। इस दौरान श्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं जो मुझे श्री नरेंद्र मोदी के 0.3 कार्यकाल में कार्य करने का मौका मिला है किसके साथ ही उन्होंने बताया कि बाल्मीकि नगर के लिए मैप तैयार हो गया है कुछ बातें जो है जो बताई नहीं जा सकती है। स्वागत करता में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी ह्रदय दुबे जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रितु जायसवाल, समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बकरी को बचाने में कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी

चाणक्य भुमि योगापट्टी



योगापट्टी थाना क्षेत्र के महावीपुर चौक के पास बकरी को बचाने में एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढे में गिर गई। जिसमें में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज स्थानीय जोगा पट्टी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार की दो पहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कार बेतिया से नवलपुर जा रही थी तभी सडक पर एकाएक कार के आगे एक बकरी चली आई। बकरी को बचाने के कारण कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे गढ्ढे में गिर गई। जिसमें सवार बथवरिया थाना क्षेत्र के चंद्राहा गांव निवासी दिवेश कुमार मिश्रा अभिषेक कुमार मिश्रा सूरज कुमार और रवि किशन कुमार मिश्रा घायल हो गये। स्थानीय थाने की पुलिस के सहयोग से योगापट्टी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक की स्थिति गंभीर होने के कारण डाक्टर ने उसे बेतिया जीएमसी एच रेफर कर दिया। इलाज कर रहे डॉक्टर सुजित कुमार कौशिक ने बताया कि घायलों में सूरज कुमार की स्थिति नाजुक को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया है।






# बीरगंज के प्रसिद्ध शक्तिपीठ गहवा माई से भव्य रथयात्रा निकाली गई

चाणक्य भूमि रक्सौल



नेपाल के बीरगंज शहर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ गहवा माई मंदिर से रविवार को भव्य रथयात्रा निकाली गई। इस रथ यात्रा में नेपाल के साथ-साथ भारत के कई जिलों के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथ यात्रा रक्सौल से सटे बीरगंज के गहवा माई से निकाली गई। प्राचीन मंदिर के नए भवन के निर्माण के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर रथ यात्रा निकाला गया। जगन्नाथ पुरी मंदिर के तर्ज पर पिछले साल से रथ यात्रा निकाली जाती है। जिसमे भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र सहित दूर दूर से लोग इस भव्य रथ यात्रा में शामिल होते है। गहवा माई मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने बताया कि जगन्नाथ पुरी मंदिर के तर्ज पर व उससे प्रेरित होकर पिछले साल से रथ यात्रा निकाली जा रही है। जिसमे हजारों लोग भाग ले रहे है। वही इस रथ यात्रा में भाग लेने के लिए रक्सौल से भी हजारों के संख्या में श्रद्धालु पहुचे है। रथ सिसम व सखुआ के लकड़ी से बनी है। एक दम जगन्नाथपुरी मंदिर के रथ जैसा इसका आकार दिया गया है। जो रथ श्रद्धालुओं के द्वारा ही खिंच कर पूरे नगर का परिभर्मन किया गया। वही इस रथ यात्रा में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक चौक चौराहे पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती देखी। वही रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए चौक चौराहे पर शीतल पेय जल का प्रबंध किया गया था।

# पीडी रिंग बांध व चंपारण तटबंध का किया निरीक्षण

चाणक्य भूमी बैरिया




जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के पीडी रिंग बांध व चंपारण तटबंध के सुरक्षा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्मजीत राम ने सिगही के पिपरा घाट,कोईरपट्टी घाट, लौकरिया घाट समेत बांध का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बाल्मीकि नगर गंडक बारात से छोड़े गए पानी अब प्रखंड क्षेत्र के नदी में पहुंचने लगी है। जिसके वजह से गंडक नदी उफान पर है। दियारा में बसे लोगों को तत्काल सुरक्षित जगहों पर जाने का भी निर्देश जारी किया गया है। हालांकि दियारा के लोगों के लिए दो नाव का भी व्यवस्था कर दी गई है। बांधों के सुरक्षा जल संसाधन विभाग के द्वारा बोर में बालू भर कर स्टॉक किया गया है। ताकि आपदा के समय में काम आ सके। दियारा के लोगों को सूचित किया गया है कि। गंडक नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। सुरक्षित स्थानों पर लोग पहुंच जाए। सूर्यपुर पंचायत के मुखिया इस्लाम गद्दी ने बताया कि मेरे पंचायत के दो वार्ड दियारा क्षेत्र में पड़ता है। जहां सभी लोगों को सुरक्षित जगह पर लाने का इंतजाम कर दिया गया है। बैजुआ पंचायत के लोगों को भी सुरक्षित जगहों पर भेजने का इंतजाम प्रशासन के दिशा-निर्देश के आलोक में किया जा रहा है।






## मझौलिया में सीएचसी प्रभारी ने सारथी रथ को किया रवाना

चाणक्य भूमि मझौलिया



प्रखंड के प्रत्येक एचएससी क्षेत्र में समुदाय को परिवार नियोजन पखवाड़ा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए सारथी रथ वाहन का उपयोग किया जा रहा है।इसी की कड़ी में सारथी रथ वाहन अमवा मझार पहुंचा,जहां आशा कार्यकर्ताओं ने परिवार नियोजन के महत्व को समझाया और समुदाय में जागरूकता फैलाया।उन्होंने समुदाय के सदस्यों को सही परिवार नियोजन विधि चुनने के लिए प्रेरित किया।

गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग के महत्व पर जोर दिया गया।

स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध परिवार नियोजन सेवाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

इस पखवाड़े के दौरान, सारथी रथ वाहन विभिन्न एचएससी क्षेत्रों में जाकर लोगों को परिवार नियोजन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देगा। वाहन में लगे पोस्टर, बैनर और ऑडियो-विजुअल सामग्री के माध्यम से संदेश को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया।बीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि

हमारा लक्ष्य है कि इस पहल के

**• जनसँख्या नियंत्रण के लिये परिवार नियोजन जरूरी**

माध्यम से हर परिवार को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए जागरूक किया जा सके। उन्होंने समुदाय के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि कि वे इस सारथी रथ वाहन से प्राप्त जानकारी का पूरा लाभ उठाएं और परिवार नियोजन के महत्व को समझें।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी

डॉ.ओमप्रकाश ने कहा कि परिवार नियोजन हर परिवार के लिए महत्वपूर्ण है। यह न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाता है, बल्कि माता-पिता और बच्चों के स्वास्थ्य को भी सुनिश्चित करता है। हम सभी समुदाय के सदस्यों से आग्रह करते हैं कि वे इस परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएं और सुरक्षित परिवार नियोजन के तरीकों को अपनाएं।

# गंडक से चार लाख 28 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज सभी 36 फाटक उठाए गए

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर



नेपाल में लगातार बारिश के कारण बिहार में बाढ़ को स्थिति और भयावह होती जा रही है। बाल्मीकिनगर गंडक बराज से चार लाख 28 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। हालांकि गंडक नदी अभी भी खतरे के निशान के उपर बह रही है। हालांकि गंडक बराज पर जलस्तर में आंशिक कमी दर्ज की जा रही है।

ऐतिहासिक गंडक बराज के सभी 36 फाटक उठा दिए गए है। ताकि कभी जलस्तर बढ़ने पर गेटों की सुरक्षा को लेकर किसी तरह का सवाल खड़ा न हो।

जलस्तर में उतार-चढ़ाव को देखते हुए कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। सीमावर्ती नेपाल के पहाड़ों का पानी मैदानी इलाकों में मुसीबत बढ़ा रहा है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए गंडक बराज पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। गंडक बराज नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार नदी के जलस्तर में फिलहाल आंशिक कमी दर्ज की जा रही है।

गंडक नदी का जलस्तर में वृद्धि के बाद नदी का पानी निचले इलाको में प्रवेश कर गया है। नेपाल में बारिश से इन दिनों गंडक नदी ने विकराल रूप

धारण कर लिया है। वहीं पहाड़ी नाला का बहाव भी उफान पर है। वनकर्मियों को पेट्रोलिंग में भी

**• प्रशासन सतर्क वनकर्मियों को पेट्रोलिंग में मुश्किलों का करना पड़ रहा सामना**

मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

गंडक नदी का पानी वीटीआर के चुलभट्ठा, भेड़िहारी, मदनपुर आदि इलाके में भर गया है। हर साल आने वाली बाढ़ से वन और वन्यजीवों को भारी नुकसान हो रहा है। वीटीआर का एक बड़ा हिस्सा बाढ़ की चपेट में आ गया है। बाढ़ के चलते वन्यजीवों के आवास और चारे की समस्या भी पैदा हो गई है। वन्यजीव सुरक्षित स्थानों पर पलायन के प्रयास में शिकारियों के निशाने पर आ सकते हैं। वीटीआर के जंगल में पानी घुसने के कारण वन्य जीव ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। सैकड़ों एकड़ में लगी फसलें भी डूब गई है।

बाढ़ के कारण वन्य कर्मियों की गश्त को बढ़ा दिया गया है। ताकि वे इस बात पर नजर रख सके कि वन्य जीव को बाढ़ प्रभावित न करे और शिकारियों से भी उन्हें बचाया जा सके। वन्य जीवों को बचाने के लिए कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गयी है।

राहत की बात यह है कि अभी तक किसी वन्य जीव की मत्यु की सूचना नहीं है। सभी वन्य जीव सुरक्षित हैं।

एसएसबी के झंडहवा टोला स्थित कैंप जलमग्न हो गया है। एसएसबी के जवान नाव से गश्त कर रहे हैं। वहीं चकदहवा,बीन टोला,कान्ही टोला आदि गावों में बाढ़ का पानी फैलने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चला है।












## प्रवासी मजदूर की केरल में ट्रेन में हुई मौत, परिजनों में मचा चित्कार

चाणक्यभूमि मैनाटाड़



भंगहा थाना क्षेत्र के सेढ़वा निवासी भोकट चौधरी के पुत्र राजहरण कुमार का केरल जाने के दौरान ट्रेन से कटकर मौत हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार सेढ़वा गांव निवासी भोकट चौधरी का पुत्र राजहरण कुमार जीविकोपार्जन के लिए केरल जा रहा था।घर के परिवार के सुनहरे भविष्य को संवारने को लेकर वह मजदूरी करने का मंशा पाले दिल्ली से करेल की ट्रेन में सवार था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।बीते गुरुवार के दिन राजहरण केरल के पालाकाड स्टेशन पर उतरना चाहा। लेकिन वह ट्रेन के चपेट में आ गया।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। रेलवे पुलिस के द्वारा मृतक राजहरण कुमार के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल पालाकाड में कराया गया।साथ में जा रहे उसके दोस्त कृष्णा ने सारे मामले की जानकारी उसके पिता भोकट चौधरी और घरवालों को दी। मृतक के पिता भोकट चौधरी भी कमाने के लिए केरल में ही रहते हैं।उधर इस घटना की ख़बर मिलते ही भोकट चौधरी भी पालाकाड पहुंचें।उधर खबर मिलते ही सेढ़वा में रह रहे परिवारजनों में भी कोहराम मच गया।गांव में भी सूचना फैल गयी।काफी संख्या में गांव वाले भी मृतक के घर पहुंचे। मृतक के पिता भोकट चौधरी,माता सोना देवी, भाई बिकाऊ चौधरी,बहन सबीता देवी सहित घरवालों को रोते रोते बुरा हाल है।मृतक राजहरण कुमार का शव रविवार के देर शाम पहुंचने संभावना है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि राजहरण कुमार के असमय मर जाने से उसके घर के सदस्यों पर रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।उधर बरवा मुखिया बिंदा प्रसाद, अशोक पटेल,देवानंद पासवान,सुरेश सहनी,चंदन कुमार,ओमप्रकाश साह, धर्मेश पटेल आदि ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुये प्रशासन से मृतक राजहरण कुमार के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## मारपीट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

चाणक्य भूमि बैरिया

बैरिया थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत अंतर्गत बैरिया टांड पर विगत 4 मई को रामभजू यादव ,उदय यादव, दुर्गा यादव, दिनेश, यादव सहित अन्य लोगों के साथ जानलेवा हमला करते हुए झोपड़ी में आग लगाकर जला दिया। जिस मामले में रामभजू यादव के आवेदन पर धारा 307 सहित अन्य धराओ में प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें मुकेश यादव, धनंजय यादव, राजकुमार यादव, श्रीनाथ यादव, भारत यादव ,रामचंद्र यादव ,सिकंदर यादव ,देवेंद्र यादव, रमेश यादव, राजेश यादव, सहित अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है प्राथमिकी दर्ज कर मामले में अग्रेतर करवाई करते हुए शनिवार की रात्रि धारा 307 के अभियुक्त मुकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया थाना अध्यक्ष कुमार ने बताया कि कांड संख्या 153/2024 के अभियुक्त मुकेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है एवं मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714